दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

चीथवाड़ी में 100 किलो नकली मावा पकड़ा, 150 क्वि. मिलावटी दूध नष्ट / चीथवाड़ी में 100 किलो नकली मावा पकड़ा, 150 क्वि. मिलावटी दूध नष्ट

Chomu News - चौमू/चीथवाड़ी|त्योहारी व शादियों के सीजन में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम...

Feb 18, 2018, 05:15 AM IST

चौमू/चीथवाड़ी|त्योहारी व शादियों के सीजन में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को जयपुर प्रथम सीएमएचओ डॉक्टर नरोत्तम शर्मा के निर्देशन में अल सवेरे चौमू तहसील के ग्राम चीथवाड़ी स्थित पांच मावे की भट्टियां पर पर छापे की कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर करीब डेढ़ क्विंटल तैयार दूध व मिल्क पाउडर के घोल तथा 100 किलोग्राम मिलावटी मावे को पकड़ कर मौके पर ही नष्ट करवाया है। तीन कट्टों में भरा 75 किलोग्राम मिल्क पाउडर को जब्त किया है। इसके साथ ही चार अन्य भट्टियों पर दूध व मावे के सैम्पल भरे है। फूड ऑफिसर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सवेरे ग्राम चीथवाड़ी में एचपी पेट्रोल पम्प के पास स्थित राहुल फ्रेश फार्म पर मावे की भट्टियों पर छापा मारा। इसमें डेढ़ सौ किलोग्राम नकली मावा बनाने के लिए तैयार किया गया मिल्क पाउडर व अन्य चीजों के घोल को पकड़ा तथा वहां पर रखा सौ किलोग्राम अमानक नकली मावा को पकड़ा है तथा उन्हें मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। इसके अलावा इसी भट्टी पर 75 किलोग्राम मिल्क पाउडर भी मिला है। उसे जब्त कर लिया गया है। यहां से मावे, पाउडर व घोल के तीन सैम्पल भरे गए है। इसके अलावा एचपी पेट्रोल पंप के पास स्थित साधुराम बालूराम की मावे की भट्टी पर छापा मारा गया। यहां पर एक डिब्बे में रखा अमानक मावे को नष्ट करवाया तथा मावे का सैम्पल भरा है। इसके बाद चीथवाड़ी मोड के पास स्थित कालूराम की भट्टी पर भी छापा मारा। वहां से मावे व दूध के दो सैम्पल भरे है। इन सब पर छापा मारने के बाद चीथवाड़ी मोड स्थित श्रीश्याम शुद्ध मावा भंडार पर छापा मारा। जहां से मावे का सैम्पल भरा है। चीथवाड़ी मोड के पास स्थित एमके मावे वाले के छापा मारा और वहां से दूध सप्लाई करने वाले जगदीश से दूध का एक सैम्पल लिया है।

75 किलो पाउडर सीज दो भट्टियों पर कार्रवाई

चौमू. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नकली मावे को बनाने के लिए तैयार घोल को देखते हुए ।

चौमू. टीम द्वारा एक मावे की भट्टी पर कार्रवाई करते हुए।

फर्म का मालिक जयपुर मावा मंडी का अध्यक्ष

फूड अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिस राहुल फ्रेम फार्म पर छापा मार कर अमानक मावा तथा मावा बनाने के लिए बनाया गया अमानक घोल आदि पकड़े गए है। उसका मालिक दिनेश शर्मा जयपुर मावा मंडी का अध्यक्ष बताया जा रहा है। इसके अलावा इसकी जयपुर दूध मंडी सुभाष नगर के शॉपिंग सेंटर में दुकान भी है।

चौमू क्षेत्र में करीब 150 भट्टियां पर बनता है मावा

जानकारी के अनुसार चौमू क्षेत्र में करीब 150 से अधिक छोटी बड़ी मावा बनाने की भट्टियां पर काम किया जा रहा है। जिनमें शादियों की सीजन के चलते करीब 7 से 8 हजार किलो मावा प्रतिदिन तैयार किया जा रहा है।

चौमू. मिल्क पॉउडर का कट्टा।

अधिकांश मावा बनाने की भट्टियों पर सुरक्षा के नहीं है पुख्ता इंतजाम

आसपास के क्षेत्र में मावा बनाने की भट्टियां पर पड़ताल करने पता लगा कि अधिकांश भट्टियां पर लगे बॉयलर का अनुमति प्रमाण पत्र नहीं था। सब राठौड़ी में ही चला रहे। इससे मावा भट्टियां पर काम करने वाले कर्मचारियों को बॉयलर ब्लास्ट होने की स्थिति का डर सताता रहता है। उन्होंने बताया कि काम करते तो है, लेकिन सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

Source: https://www.bhaskar.com/news/RAJ-OTH-MAT-latest-chomu-news-051503-1140657-NOR.html